# कार्यालय
## अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल (पंचम)
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
लेसा भवन, निकट रेजीडेन्सी, लखनऊ–226018

b&e:y sefivelesa@gmail.com
मो0 +91 9415901437


पत्रांक–883 / वि0न0नि0मं0(पं0) / ले0सि0गो0–प्रथम / नि0 सं0–02 / 2024–25 / निविदा सूचना / दिनांक / 15.07.2024

विज्ञापन व्यवस्थापक,

**अमर उजाला, लखनऊ।**
**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।**

विषयः निविदा सूचना प्रकाशित करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया संलग्न **निविदा सूचना** / शुद्धि पत्र / अवधि विस्तारण / निविदा पुनर्प्रकाशन / निविदा निरस्तीकरण सार्वजनिक सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनाक 16.07.2024 अथवा 17.07.2024 के अंक में केवल एक बार तथा कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंट में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे नाम व पता यथा संभव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के संबंध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए सत्यापन /भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करें ।
3. संलग्न हिन्दी /अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाय हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय, अन्यथा बीजक का सत्यापन /भुगतान परिषद मुख्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा।
5. प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक का उल्लेख अवश्य करें।
6. उपरोक्त निर्धारित तिथि अथवा समय के पश्चात् निविदा सूचना/ सूचना का प्रकाशन कदापि न किया जाय। यदि आदेश विलंब से अर्थात् बिजली बिल सम्बन्धी सूचना, बिजली बन्दी उपभोक्ता शिविर लगने की तिथि निकल जाने के पश्चात् अथवा निविदा विक्रय/खुलने की तिथि के दो/तीन दिनपूर्व ही प्राप्त हुआ हो तो उसका प्रकाशन न करें और तिथि बढ़ाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें अथवा सम्पर्क कर लें। निर्धारित तिथि के पश्चात् बिना पूर्वानुमान के ऐसे विज्ञापनों का प्रकाशन कदापि न किया जाये।

**कृ0 प0 उ0**

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल (पंचम्)
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
लेसा भवन, निकट रेजीडेन्सी, लखनऊ–226018

b&e'y sefivelesa@gmail.com
मो0 +91 9415901437



7. यदि समाचार पत्र के स्तर पर स्वयं ही देर से प्राप्त निविदा सूचना/सूचना का प्रकाशन निर्धारित तिथि के बाद किया जाता है तो ऐसे समाचार पत्र के बिलों का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. यदि आपको सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उ0 प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत दरें स्वीकार न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलंब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
9. मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 में समाचार पत्रों के विज्ञापन आदेश की मूल प्रति खो जाने पर विज्ञापन आदेश की डुप्लीकेट प्रति उपलब्ध करवाने सम्बन्धी व्यवस्था की गई है। जिसके अन्तर्गत विज्ञापन आदेश निर्गत करने वाले अधिकारी के कार्यालय में रू0 100/– का शुल्क जमा करने के उपरान्त विज्ञापन आदेश की डुप्लीकेट समाचार पत्र के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवा कर उन्हें रू0 100/– की रसीद निर्गत की जायेगी। जिसके पश्चात् समाचार पत्र के प्रतिनिधियों द्वारा अपने मासिक बिल जनसम्पर्क अधिकारी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, को भेजते समय डुप्लीकेट विज्ञापन आदेश के साथ रू0 100/– की रसीद की मूल प्रति भी सत्यापन हेतु लगाना अनिवार्य होगा। (पत्रांक 17 प्र0नि0/ज0स0अधि0/दिनांक 19.04.2018)
10. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप में राष्ट्र हित में बिजली बचायें का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनॉक अवश्य प्रकाशित करें।
11. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

**संलग्नकः यथोपरि** **भवदीय,**

**अधीक्षण अभियन्ता (पंचम्)**

**पत्रांक– 883/वि0न0नि0मं0(पं0)/नि0 सं0–02/2024–25/ निविदा सूचना /लेसा/तद् दिनॉक 15.07.2024**

**<u>प्रतिलिपि संलग्नक की छायाप्रति सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :</u>**

1. प्रबन्ध निदेशक, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 4ए गोखले मार्ग, लखनऊ ।
2. मुख्य अभियन्ता (लेसा), सिस गोमती, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 33/11 केवी उपकेन्द्र बंगला बाजार, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड, द्वितीय, म0वि0वि0 निगम लिमिटेड, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 4 ए गोखले मार्ग, लखनऊ ।
5. नोटिस बोर्ड।

**संलग्नकः यथोपरि**

**अधीक्षण अभियन्ता (पंचम्)**

b&ey **sefivelesa@gmail.com**
मो0 +91 9415901437

# कार्यालय
# अधीक्षण अभियन्ता

विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल (पंचम्)
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
लेसा भवन, निकट रेजीडेन्सी, लखनऊ–226018

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

## ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित प्रस्तावित कार्य संपादित कराने के लिए अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों/संस्था का चयन ई–निविदा के माध्यम से किए जाने हेतु ई–निविदा दो भागों में निम्न विवरण अनुसार उ0 प्र0 सरकार के ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.in एवं www.mvvnl.in पर अवलोकित किया जा सकता है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के अद्यतन संशोधन/सूचना की जानकारी हेतु इच्छुक निविदादाताओं को उ0 प्र0 सरकार के ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.inपर नियमित रूप से Visit करते रहना चाहिए। ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड निविदा प्रपत्र की समस्त नियम एवं शर्तें निम्नलिखित निविदाओं पर प्रभावी होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा को निरस्त करने/अवधि विस्तारण करने/संशोधन करने एवं निविदा कार्य को आंशिक या पूर्ण रूप से विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

1. <u>अल्पकालीन ई–निविदा सं0 02/विननिमं(पं0)/लेसा/2024–25: </u>" 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र रेलवे पॉवर हाउस, आलमबाग, लखनऊ की क्षमतावृद्धि 2x10+1x5 MVA से 3X10 MVA किये जाने का कार्य एवं तत्संबंधी अन्य कार्य" निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 (1000.00+180.00 जी0एस0टी0) (अप्रतिदेय) एवं धरोहर धनराशि रू0 5130.00। ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 30.07.2024 समय 13:00 बजे तक तथा ई–निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि 30.07.2024 समय 15:00 बजे।

**अधीक्षण अभियन्ता**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''**

# कार्यालय
## अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल (पंचम्)
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
लेसा भवन, निकट रेजीडेन्सी, लखनऊ–226018

b&e'y sefivelesa@gmail.com
मो0 +91 9415901437


# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

**ई–निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित प्रस्तावित कार्य संपादित कराने के लिए अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों/संस्था का चयन ई–निविदा के माध्यम से किए जाने हेतु ई–निविदा दो भागों में निम्न विवरण अनुसार उ0 प्र0 सरकार के ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.in एवं www.mvvnl.in पर अवलोकित किया जा सकता है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के अद्यतन संशोधन/सूचना की जानकारी हेतु इच्छुक निविदादाताओं को उ0 प्र0 सरकार के ई–टेण्डर पोर्टल etender.up.nic.inपर नियमित रूप से Visit करते रहना चाहिए। ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड निविदा प्रपत्र की समस्त नियम एवं शर्तें निम्नलिखित निविदाओं पर प्रभावी होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा को निरस्त करने/अवधि विस्तारण करने/संशोधन करने एवं निविदा कार्य को आंशिक या पूर्ण रूप से विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

1. **अल्पकालीन ई–निविदा सं0 02/विननिमं(पं0)/लेसा/2024–25:** “33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र रेलवे पॉवर हाउस, आलमबाग, लखनऊ की क्षमतावृद्धि 2x10+1x5 MVA से 3X10 MVA किये जाने का कार्य एवं तत्संबंधी अन्य कार्य” निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 (1000.00+180.00 जी0एस0टी0) (अप्रतिदेय) एवं धरोहर धनराशि रू0 5130.00। ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 30.07.2024 समय 13:00 बजे तक तथा ई–निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि 30.07.2024 समय 15:00 बजे।

**अधीक्षण अभियन्ता**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''**